It has been my greatest luck to participate, volunteer and support OzGREEN's work in Australia. It has been my absolute pleasure to be adopted into the OzGREEN family and be supported by them to realise my own dreams of environmental well being as well as cope with my own challenges in my life journey. My being here is an action that I am taking to realise this dream and my journey to get here was an action I took to deal with a particularly challenging time in my life; both actions were defined by me during OzGREEN workshops.

So here I am, offering what assistance I can for however long it takes. What exactly "It" is I don't know. A clean Ganga? That would be nice, maybe then I could swim in her like I do the Murray, letting her cool waters stream through my hair, letting the mud seep between my toes, being carried softly along by the current. Playing as a platypus might, or perhaps in this case a Gangetic Dolphin, head submerged, swimming like a wave, water dancing around my mouth and nose as I blow bubbles and sing the songs of the river, unafraid of what this precious holy water, that is kindly washing away the sins and sorrows of my mind, might do to my body.

Perhaps, "It" is the life lessons I have to complete here. Accepting that I am easily frustrated and sensitive, learning how to live with this energy and appreciate it, hopefully one day use it to my own benefit as an environmentalist. Or maybe "It" is figuring out what the next step is, when I vision the immediate future path, I don't see anything, it is still a big blank page in the art book, and I like it this way, for now.

State of Ganga

# Stopping Domestic Sewage is the only solution for 'Clean Ganga'

**V.N. Mishra**

Ganga ji symbolizes the rich cultural and religious heritage for 1 billion Hindus around the world and she also supports and sustains the life of 40% of the Indian population living in her basin irrespective of caste, creed and religion. Thus, holy river fully honours and strengthens the philosophy of our constitution. Our first Prime Minister Pd. Jawahar Lal Nehru used to say 'Ganga is a silken thread which binds the country together'. The message is clear that this holy river provides a very strong medium to integrate this sovereign country which is also an important socio-political need. Knowing the importance and facts related to Ganga, one fails to understand why this river in not acquiring an important political dimension for the salvation of the river from the critical state of pollution.

In June 1986, Prime Minister Rajiv Gandhi was probably the first political leader who understood the socio political importance of this river and without any delay launched an ambitious Ganga Action Plan through a big public meeting held at R.P. Ghat (Varanasi) with an objective to revive Ganga what she was some 200 years ago. The objective of GAP was defined in a very clear way stating that the domestic sewage flowing into the river must be stopped and treated in a way that it becomes innocuous for reuse. It was never mentioned that which particular technology is to be used. He identified Varanasi as an important holy city for citing a successful example for the pollution abatement scheme for the other river cities. It was never planned to execute this project in 'n' number of phases in the same city as it is being done in the form of GAP-II. The fact being that the important cities were selected in GAP-I and on successful completion of this project it was planned to extend this model to the other river cities under GAP-II.

In recent times Ganga action plan was declared a grand success by the centre in the Hon'ble Supreme Court and emphasised that cleaning of Ganga is at par with Rhine, Thames and Danube inspite of the fact that nearly 2000 small and big drains discharging domestic sewage into the river starting from Haridwar to Kolkata. They appreciated that the river flowing in the major states in northern Indian has been benefited by GAP and carries potable water from Rishikesh to Patna except for small stretches near Kanpur, Allahabad and Varanasi which still remain a problematic area.

The statistical data related to average pollution is in no way justified. Span of the river originating from Gomukh to Ganga Sagar is 2550 km and if one considers the average pollution along the length of the river, the result is obvious, 'Ganga is always clean'. What was the need of launching such a project for river pollution abatement?

The suffering of the river is merely due to discharge of the domestic sewage into the critical stretches of Kanpur, Allahabad, Varanasi and Patna and this contribute to 95% of the pollution. Rest 5% is due to the habit of the users and could be removed by general awareness programmes in these cities. However, this pollution is very visible and eye catching and generally the innocent considers this as the major cause of pollution.

Any floating lump (dead body etc.) will not be dispersed immediately in the flowing water bodies. Once it is taken out the cleanliness is restored. On the otherhand, if domestic sewage is mixed, it is immediately dispensed and becomes practically impossible to remove this pollutants. No technical solution exists for their removal only the natural flow will clean the river what we call it as a self cleaning mechanism of the river. If domestic

* Author is Development Director (Hon.) of Sankat Mochan Foundation and Reader in Electronics Engg. Deptt., I.T., B.H.U., Varanasi.

sewage discharge into the river is stopped, the river quality would drastically improve to a level what it was some 200 years ago.

The sheer incompetence of the GAP officials to stop the pollution of Ganga in Varanasi is being nicely managed by leveling accusations like not acquiring the land for sewage treatment plant in Ramna even after depositing Rs. 20 crores upto 2006. GAP officials complain that 20 big and small drains discharge sewage into the holy river in Varanasi could not be stopped even as the work on GAP-II continued since 2001. In spite of the full patronage of the State Government the Ganga Pollution control unit (GPCU) of Jal Nigam could close only two major nallah out of 20. A basic work like this should have been completed in two to three years time and would have removed 95% pollution of Ganga without the need of acquiring even a single unit of fertile land. Inspite of full support and security cover from the Government and the district administration, GPCU could not complete even fifteen percent of work in a span of 7 years and 'dirty flows the Ganga'.

In spite of the implementation of 74th amendment of constitution since 1994, GAP-II in Varanasi is allowed to be done by the State Government instead of the local government The funds are being provided by the NRCD of the Government of India by ignoring the fact that GAP is subjudiced and the matter is pending in the Hon'ble High Court of Allahabad. The Varanasi Nagar Nigam has put 5 serious objections against the UPJN's proposal for GAP-II. The technical wing of NRCD has disapproved the Ramna Sewage Treatment plant because its treated effluent along with the fecal coliform bacteria will fall in Ganga in the upstream of river in Varanasi and is also not covered under the sanction given by the CCEA in 1994. One fails to understand why GPCU is desperately trying to start this work which is an extension of work executed in GAP-I which has failed miserably. The technology used is not capable of removing the fecal coliform bacteria. A proper interception of raw sewage along the religious bathing area and treatment of sewage by AIWPS (Advanced Integrated Waste Water Pond System - capable of removing fecal coliform bacteria) to make the effluents innocuous for reuse is the best solution which will make the river and its user healthy.

110 Years in printing

Established 1896

Offi : 2420291
Resi : 2419602

TARA
PRINTING WORKS

Ravi Prakash Pandya

Rathyatra, Gurubagh Road, Kamachha, Varanasi-221010

# जहाँ जहाँ गंगा है वहीं वहीं महन्त जी हैं

आनंद बहादुर सिंह

**गोस्वामी तुलसीदास जी ने दोहावली में एक दोहे में कहा है-**

**कलि पाखण्ड प्रचार, प्रबल पाप पावत पतित।तुलसी उभय अधार, राम नाम सुरसरि सलिल।।**

निश्चय ही कलि में प्रचार तो पाखंड का है, पाखंड जहां तक हम समझते हैं असत्य को सत्य के रूप में प्रकट करना या रखना ही पाखंड है। इससे पाप का पलड़ा भारी पड़ गया है और सर्वत्र पामेर एवं पतित ही दिखायी पड़ते हैं। संक्षेप में कलि के स्वरूप की संक्षिप्त व्याख्या है। लोगों ने जोर देकर पूछा, महाराज। इससे बचने का उपाय क्या है? बाबा ने कहा बचने का दो ही आधार है- राम नाम एवं गंगा जल। पर यह उपाय व्यक्तिगत है। इससे समष्टि लाभ नहीं हो पाएगा क्या? वस्तुतः गोस्वामी तुलसीदास जी का स्वान्त सुखायः जिस प्रकार जगत् हिताय बन गया उसी प्रकार उक्त दोनों उपाय अन्त में समष्टि का कल्याण भी करते हैं। इन दोनों आधारों को हमारे मित्र एवं गुरुपीठ के महन्त जी पूरी ताकत से पकड़ लिया है और राम नाम लेते हुए उससे जो ऊर्जा प्राप्त होती है उसे उन्होंने स्वच्छ गंगा अभियान में लगा दिया। इस कार्य के लिए 25वर्ष पूर्व उन्होंने एक न्यास (संकटमोचन निधि) की स्थापना की जिसके आधार पर आपने सारे विश्व को अपने व्यक्तित्व एवं कार्यों के आधार पर समेट लिया। 'टाइम ने कहा कि विश्व के महानतम् कार्य करने वालों में सात में एक हैं एवं उन्हें मैगसेसे पुरस्कार से भी नवाज़े गये। जिस समय राष्ट्रपति क्लिंटन अमेरिका से भारत आए और आगरे के किले में सार्वजनिक समारोह हुआ उसमें राष्ट्रपति क्लिंटन ने उनकी बहुत सराहना की और उनके भाषण को सुना। आपके पास यदि कम्प्यूटर हो तो वेबसाइट पर देखें तो स्वच्छ गंगा ही नहीं अपितु नदियों की सफाई का जहां भी उल्लेख मिलेगा उसमें प्रो. वीरभद्र मिश्र ही प्रमुखता से विराजमान दिखायी पड़ेंगे।

आप के पिता श्री गोस्वामी तुलसीदास अखाड़ा के महन्त साकेतवासी महन्त बांके राम जी उच्चकोटि के योगी एवं राम भक्त थे। उन्होंने मानस राज हंस से मानस लगायी थी एवं काशी के प्रख्यात् योगी गुरुनाथ से मानस के योग-विज्ञान का भी अध्ययन किया था। उनका निधन 42 वर्ष की अवस्था में 1952 में हो गया। उस समय वर्तमान महन्त जी की उम्र मात्र 14 वर्ष की ही थी। राम एवं गंगा के प्रति उनके हृदय में बीज बोने का कार्य तो साकेतवासी महन्त जी ने अपने संस्कारों से किया था। इसके बाद उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में पी.एच.डी. डिग्री तक प्राप्त किया और अवकाश प्राप्ति तक अध्यापन किया। सिविल इंजीनियरिंग में भी उन्होंने हाईड्रेलिक शाखा में विशेष योग्यता प्राप्त की। इस क्षेत्र में पूरे देश में 4-6 विद्वान् हैं। यह उनका भौतिक आधार हुआ।

नित्य गंगा स्नान के कारण गंगा की दशा देखने का उन्हें सौभाग्य प्राप्त हुआ। कुशाग्र बुद्धि, अग्रसोची होने के नाते उन्होंने देखा कि यदि न बोला गया तो भविष्य में गंगा जी को सीवर के नाले अपने में मिला लेंगे। ऐसे माँ गंगा में थोड़ा बहुत गन्दगी पचा लेने की शक्ति है जैसे शिशु के वमन एवं शौच को माताएँ सप्रेम साफ करती हैं पर जब उसमें नाले या नाला सीवर का पानी उड़ेलता रहेगा तब तो माँ का सांसत में पड़ जाना स्वाभाविक है। लगभग 30 नाले अस्सी से लेकर वरुणा संगम तक गंगा में गिरते हैं। इतना ही नहीं, वाराणसी के भूगोल को आप देखें-पूर्व में गंगा दक्षिण में अस्सी एवं उत्तर में वरुणा वाराणसी का निर्माण करती है। दोनों गंगा की सहायक नदियां हैं एवं भगवान् विष्णु के चरण से निकली हैं। अस्सी को एक ऋषि ने शुष्क होने का श्राप दे दिया था। उनकी प्रतिमा शुष्केश्वरी के रूप में दुर्गा मंदिर में है। काशी का विस्तार हुआ। चारों ओर मकान बनने लगे वह भी बिना किसी योजना के। पश्चिम में भी काशी का विस्तार हुआ। नगर में शताधिक बहुमंज़िली इमारतें बनीं। सबका मल-जल सीधे गंगा में अथवा वाया अस्सी एवं वरुणा गंगा में आने लगा। सूर्यार्घ देते समय अंजली में कभी महर्षि पांतजलि आ गये थे। वहां अब टट्टी के खंड आने लगे। वस्तुतः जो गंगा भक्त होगा उसके छाती का फटना स्वाभाविक है। गंगा जी की आरती करना, उत्सव करना, घंटा-घड़ियाल बजाना भी परम्परा उचित है। गंगा की दशा में सुधार के लिए करो या मरो का नारा लगाना उससे भी अधिक उचित है। महन्त जी ने संकल्प ले लिया और आगे बढ़ते गए।

इसी दौरान पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने गंगा की स्वच्छता का संकल्प ले लिया। गंगा कार्य योजना का शुभारम्भ दशाश्वमेध घाट पर स्वयं राजीव गाँधी ने सोनिया जी के साथ किया। एक कमेटी भी बनी जिसमें नगर के 2-3 विशिष्ट लोग भी रखे गए। उसमें महन्त जी भी थे। पांच वर्षों तक बैठकें होती रहीं, अफ़सर जीमते रहे, मेला ख़त्म, पैसा हज़म वाली कहावत चरितार्थ हुई। 4.5 लम्बायमान स्तूप काशी की शोभा को बिगाड़ने लगे जिससे मात्र मल जल ही निःसृत होकर गंगा में गिरता है। हर बैठक में महन्त जी अपनी असहमति जताते रहे। कार्य विवरण तो सरकारी रिकार्ड है। जो चाहे देख ले।

एक अफ़सर आया, उसने महन्त जी से कहा कि आप विकल्प के रूप में एक योजना क्यों नहीं बनाते? महन्त जी और देश विदेश के कुशल इंजीनियर योजना बनाने में जुट गए। योजना तैयार हो गयी। नागरिक सुनवाई भी हुई। नगर निगम ने 3-3 बार स्वीकार भी कर लिया पर अब तक बात बन नहीं सकी। सर्वोच्च न्यायालय मे नगर निगम के दो सदस्यों एवं एक गंगा भक्त द्वारा याचिका दायर करने पर सुनवाई चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने नगर निगम के सभासदों द्वारा दाखिल वाद को प्रयाग उच्च न्यायालय के जिम्मे लगाया है। अपने महन्त प्रो. वीरभद्र मिश्र जी का यह सिद्धान्त है कि बिना प्रमाण के कोई बात न की जाय और किसी योजना का यदि विरोध करना हो तो उसका विकल्प दिया जाय। महन्त जी ने सरकारी योजना का विरोध तो किया वैकल्पिक योजना के साथ जिससे आज तक संघर्ष जारी है। राजहठ न रहता तो योजना कार्यान्वित भी हो जाती। सारी दुनिया में महन्त जी का जो यश फैला उसके मूल में उनकी वैकल्पिक योजना ही है। सारा सम्मान उसी के कारण है। आज सेतु समुद्रम् योजना के विरुद्ध अनेक वाद दाखिल है। पूरे देश में उसका विरोध हुआ पर किसी पक्ष ने वैकल्पिक योजना बनाकर नहीं प्रस्तुत किया। जिस योजना से राम सेतु भी नहीं टूटेगा एवं सेतु समुद्रम् योजना भी लागू हो जायेगी।

महन्त जी की योजना बहुत ही सरल एवं बोधगम्य है। जल संस्थान दो भागों में है (1) भदैनी का पम्पिंग स्टेशन जहां गंगा जी से पानी खींच कर भेलूपुर जल संस्थान में जाता है वहां से शोधित पानी की आपूर्ति शटर में की जाती है। पानी की सफाई के लिए अंग्रेजों ने भेलूपुर में आठ बड़े-बड़े तालाब बनवाए थे जिसमें भदैनी से आए जल को डाला जाता था। आठ तालाबों से गुजरने के बाद पानी स्फटिक की भांति चमकने लगता था। उस पानी को पुनः एक टंकी के माध्यम से पूरे शहर में जल की आपूर्ति कर दी जाती थी। अब तो पानी की सफाई के लिए मशीनें लगी हैं पर भदैनी से आए पानी को अब तालाबों के माध्यम से गुजरना पड़ता है। अब पता चला है कि इस कुण्ड प्रणाली (पांड्ससिस्टम) को सरकार भी मान रही है। जिस प्रणाली से काम किया गया वह तो निष्फल सिद्ध हुआ। फिर उसके लिए हठ क्यों? महन्त जी योजना के अनुसार अस्सी से वरुणा संगम तक घाट के किनारे एक गोल पाईप बैठा दी जायगी और उससे सारे नालों को जोड़ दिया जाएगा और वरुणा संगम पर एक बड़ा पपिंग स्टेशन लगेगा जो उक्त मल-जल को ढाब क्षेत्र जो सरकारी बंजर भूमि में है, भेज दिया जाएगा। वहां चार बड़े तालाबों से पानी गुजार कर उसे खेतों में सिंचाई के लिए दे दिया जाएगा। अंतिम तालाब से निकला पानी पारदर्शी होगा। इस योजना के कार्यान्वयन से बिजली का खर्च न के बराबर होगा। जो कुछ खर्च बैठता है वह तालाबों में मत्स्य पालन करके प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना का कार्यान्वयन अमेरिका की एक नदी को गन्दगी से बचाने के लिए किया जा चुका है। इस वैकल्पिक योजना को मान तो सभी रहें हैं पर राजहठ के सामने सभी विवश हो गए हैं।

इस संघर्ष की लंबी कहानी मात्र 25 वर्षों की ही नहीं है। फाउण्डेशन बनने के कम से कम दस वर्ष पूर्व जिस समय लोको मोटिव कारखाने के अवजल को अस्सी नाले में मिलाया जाने लगा उस समय महन्त जी ने उसका प्रबल विरोध किया और हमलोगों का साप्ताहिक निकलता था, उसमें समाचार भी छपना प्रारंभ हुआ। बाद में डीरेका का अवजल एक ट्रीटमेन्ट प्लांट के जरिये खेतों में शोधित जल को भेजा जाने लगा। अब भी यह कार्य जारी है परन्तु दीनापुर एवं भगवानपुर में जो जलशोधन यन्त्र लगे हैं वह इस कार्य को नहीं कर पा रहे हैं और न कर पाएंगे। अब तो बात यह चल रही है पूरी गंगा की बात न करके मात्र काशी की गंगा पर ही विचार हो और यथाशीघ्र योजना कार्यान्वित कर वाराणसी के अवजल को घाट के नीचे बने पाईप से ढाब क्षेत्र में भेज दिया जाए। उनके इस भगीरथ प्रयास में धीरे-धीरे लोग जुट रहे हैं। अमेरिका ऑस्ट्रेलिया एवं ब्रिटेन के लोग भी इस कार्य में रुचि ले रहे हैं। ब्रिटिश उच्चायुक्त तो पधारे भी थे। फ्रांस के राजदूत भी इस सम्बन्ध में महन्त जी से मिले थे। इस सम्बन्ध में महन्त प्रोफेसर वीरभद्र मिश्र जी ने कई बार विदेशों की यात्रा भी की। फाउण्डेशन दो दिवस प्रति वर्ष मनाता है-पर्यावरण दिवस (5 जून), विश्व जल दिवस (22 मार्च) को। जलदिवस के दिन प्रति वर्ष अस्सी से लेकर वरुणा तट तक लोग पंक्तिबद्ध होकर स्वच्छ गंगा का संकल्प लेते हैं।

फाउण्डेशन में मेरा कोई भौतिक योगदान नहीं था पर बौद्धिक तो था। प्रारंभ में प्रचार कार्य भी मैं देख लेता था पर बाद में समर्थ लोग सारा कार्य विधिवत देखने लगे पर 25 वर्षों में कम से कम 100 सम्पादकीय हमने अपने साध्य हिन्दी दैनिक सन्मार्ग समाचार पत्र में लिखे हैं जिसमें कार्यों में हुई प्रगति का लेखा-जोखा जनता को देने का प्रयास किया गया। मेरे इस योगदान का निधि के लोगों ने मूल्यांकन नहीं किया। 25 वर्षों की अवधि में महन्त जी ने अपना सारा जीवन गंगा को समर्पित कर दिये और अखाड़े के कार्यों को जैसे संगीत सम्मेलन, ध्रुपद मेला, विवाह पंचमी पर होने वाले आयोजन एवं हनुमान जयन्ती समारोह का भी उचित ढंग से निर्वाह किया।

आज जहाँ गंगा हैं वहाँ महन्त जी हैं और जहाँ तुलसी है वहाँ उनके पास राम नाम है। इससे उनकी धन्यता स्पष्ट है।

आधुनिक भगीरथ

# प्रो. वीरभद्र मिश्र

**अन्जान मिश्र**

गंगा को शिव जो जटाओं से धरती पर लाने वाले भगीरथ भले ही पौराणिक कथाओं के पात्र बन चुके हों, पर मैली हो रही गंगा को प्रदूषण से रहित और निर्मल बनाने के लिए कठोर तप करने वाला आधुनिक भगीरथ आज भी अनवरत अपने प्रयास में जुटा हुआ है। 'गंगा प्राधिकरण और राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय के नाम और काम के बारे में तमाम लोगों ने पढ़ा और सुना होगा, लेकिन बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि वाराणसी में गंगा के निर्मलीकरण की बात सबसे पहले सोचने वाले भगीरथ हैं-पंडित वीरभद्र मिश्र। वह वाराणसी के प्रख्यात् श्री संकटमोचन मंदिर के महन्त हैं, अधिकांश लोग उन्हें इसी रूप में श्रद्धा से प्रणाम भी करते हैं। पर यह उनके बहुआयामी व्यक्तित्व का एक पहलू है। मिश्र जी का एक दूसरा परिचय भी है-प्रो. वीरभद्र मिश्र, प्रोफेसर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय।

मिश्र जी बताते हैं कि सात पीढ़ी पहले मेरे पूर्वज देवरिया से आकर वाराणसी से बस गए। मैं यहीं के आध्यात्मिक परिवेश जन्मा, पला और बड़ा हुआ। मेरे पिता पंडित बांकेराम मिश्र श्री संकटमोचन मंदिर के महन्त थे, पर हनुमान जी के चढ़ावे का एक भी पैसा कभी घर में खर्च नहीं किया जाता था। वह सारा धन पिता जी मंदिर के ही काम-काज में लगा देते थे और अपनी जीविका स्वयं अर्जित किया करते थे। यही मंदिर के महन्त की परम्परा है। माँ भी विदुषी महिला थीं। उन्होंने बचपन में ही मुझे रामचरित मानस के साथ-साथ गीता के भी चार-पांच अध्याय कंठस्थ करवा दिय थे। रोज गंगा-स्नान और पूजा-अर्चना बचपन से ही मेरी दिनचर्या है। उस समय कुश्ती का भी बड़ा शौक था इसलिए रोज अखाड़े में भी जाया करता.....।

श्री संकटमोचन मंदिर की परम्परा है कि महन्त के दिवंगत होने पर उसके बड़े पुत्र को ही उसकी गद्दी का हक़दार माना जाए। वीरभद्र मिश्र अपने माता-पिता के इकलौते पुत्र हैं। 1952 में 42 वर्ष की उम्र में उनके पिता पंडित बांकेराम मिश्र का देहान्त हो गया तब किशोरावस्था में ही वीरभद्र मिश्र को श्री संकटमोचन मंदिर का महन्त बना दिया गया। उस समय वह नौवीं कक्षा में पढ़ रहे थे।

महन्त पद संभालने के बाद भी पढ़ाई जारी रही। 17 साल की उम्र में मिश्र जी ने बी.एच.यू. में इन्जीनियरिंग की पढ़ाई शुरू की। तब अखाड़े में जाना छूट गया और सारा ध्यान पढ़ाई में लगाने लगे। आखिर बी.एच.यू. से इंजीनियरिंग की डिग्री और शोध करके पी.एच.डी. की उपाधि लेकर प्रो. वीरभद्र मिश्र वहीं अध्यापन का कार्य करने लगे तो जीविका की भी स्थायी व्यवस्था हो गयी। आज तक वह बी.एच.यू. के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में विभागाध्यक्ष रहे और सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों को हाईड्रालिक मशीन्स, फ्लूइड मेकेनिक्स और ओपन चैनल हाइड्रालिक जैसे आधुनिकतम विषय पढ़ा चुके हैं, लेकिन इस वैज्ञानिक चेतना के साथ-साथ ही मन में आध्यात्मिक आस्था और श्रद्धा का भी सागर लहराता रहता है। यही कारण है कि 65 वर्ष की आयु में भी नित्य प्रातः उनकी दिनचर्या गंगा स्नान और पूजा-अर्चना से शुरू होकर काफी रात गए इसी के साथ खत्म होती है। नित्य गंगा स्नान करते करते इसके साथ उनका आत्मिक सम्बन्ध स्थापित हो चुका है। वह भावविभोर होकर बताते हैं, 'गंगा मेरी माँ है। जिस दिन मैं गंगा का स्पर्श नहीं कर पाता, मुझे लगता है कि मैं अपनी माँ से नहीं मिला। वाराणसी और यहाँ की संस्कृति, संस्कार, सभ्यता गंगा की गोद में ही पली-बढ़ी है, यदि गंगा खो गयी तो हमारा क्या होगा? सचमुच पतित पावनी करोड़ों-करोड़ भारतीयों की श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। मिश्र जी तो यहां तक कहते हैं कि 'अगर नील के बिना मिस्र की, ह्वांग हो के बिना चीन की, दजला फरात के बिना ईराक की और टेम्स के बिना इंग्लैण्ड की कल्पना नहीं की जा सकती उसी तरह बिना गंगा के भारत की भी कल्पना नहीं की जा सकती। मिश्र जी वाराणसी में गंगा के किनारे तुलसीघाट पर रहते हैं। इसी तुलसीघाट पर वह कोठरी है जहां रहकर पांच सौ साल पहले गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस की रचना की थी। उसी कोठरी से लगा हुआ मिश्र जी का आवास है। रोज सबेरे आँखे खोलते ही वह गंगा दर्शन करते हैं। उसमें नहाते हैं और देर तक कमर भर पानी में खड़े-खड़े पूजा-आराधना करते रहते हैं, पर उनका मन बहुत दिनों से यह सोच-सोच कर कचोट रहा था कि पतित पावनी गंगा का धवल जल अब मैला हो गया है। उसकी निर्मलता दूषित हो रही है और वह हानिकारक तत्वों को नष्ट करने की क्षमता खो रही है। गंगा की पहचान सिमट रही है.....।

एक इंजीनियर के मन में गंगा और हनुमान जी के प्रति अदम्य श्रद्धा और आस्था आम जनों को भले ही आध्यात्म और

विज्ञान का द्वंद्व लगे पर श्री मिश्र के इस दोहरे व्यक्तित्व में कहीं भी टकराव की स्थिति नहीं है। वो कहते हैं, 'आध्यात्मिकता, भौतिकता नदी के दो तट जैसे हैं, लेकिन मानव जीवन की अस्मिता और अस्तित्व के लिए दोनों ही ज़रूरी है। किसी भी एक तट के बन्ध टूट गए तो मानव संस्कृति के साथ ही मानव भी टूट जाएगा। इसलिए देखा जाए तो ये दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही कारण है कि मुझे आध्यामिकता एवं कर्मकाण्ड तथा इंजीनियरिंग के बीच किसी द्वन्द्व की अनुभूति नहीं होती, बल्कि धर्म व आध्यात्म और प्रौद्योगिकी-दोनों को ठीक ढंग से समझने में मदद ही मिलती है।

शायद इसी समझ के कारण अमेरिका में आणविक हथियारों के विरोध में सड़क पर उतरी भीड़ में अलबर्ट आइंस्टाइन भी खड़े देखे गए थे। जबकि वह स्वयं परमाणु ऊर्जा के आविष्कारक थे। उस समय आध्यात्मिक ज्ञान ने ही उन्हें प्रेरित किया होगा कि विज्ञान और प्रोद्यौगिकी का निर्माण मानव विनाश के लिए नहीं हुआ है। इसी समझ के चलते श्री मिश्र भी आध्यात्म की महत्ता स्वीकार करने के साथ-साथ विज्ञान की उपयोगिता को अपरिहार्य मानते हैं और संकटमोचन मंदिर के महन्त पद के साथ-साथ बी.एच.यू. इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में सिविल इंजीनियर के विभागाध्यक्ष पद का भी बड़ी कुशलता एवं योग्यता से निर्वाह कर चुके हैं।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि श्री मिश्र धर्म संस्कृति और आध्यात्मिक परम्परा के सागर में वैज्ञानिक चेतना से सम्पन्न प्रकाश स्तम्भ जैसे हैं। यही कारण है कि गंगोत्री से गंगासागर तक फैली गंगा की लहरें श्री मिश्र के आध्यात्मिक चेतना को चुनौती देती रहती हैं। बार-बार सवाल उठता है-क्या तुम इसी प्रदूषित गंगा में नहाते रहोगे? क्या पतित पावनी गंगा का जल ऐसे ही गंदा होता रहेगा? आखिर श्री मिश्र के इंजीनियर मन ने इस चुनौती को स्वीकार किया और मैली होती गंगा को निर्मल बनाने के लिए कुछ करने का विचार योजना का रूप लेने लगा। अन्ततः 1982 में श्री मिश्र ने 'संकट मोचन फाउण्डेशन की स्थापना करके 'स्वच्छ गंगा अभियान शुरू कर दिया है।

अगस्त 1982 में प्रो. वीरभद्र मिश्र ने तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी को गंगा के सम्बन्ध में पहला ज्ञापन भेजा। इसका आशातीत परिणाम सामने आया। उन्हीं दिनों श्रीमती इन्दिरा गाँधी ने संसद में गंगा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए कोई योजना बनाने की चर्चा की थी। श्री मिश्र के ज्ञापन का भी प्रभाव पड़ा और केन्द्र में पर्यावरण मंत्रालय का गठन हो गया। फिर फरवरी 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने पर्यावरण मंत्रालय के अधीन गंगा प्राधिकरण का गठन किया। जिस दिन इसकी घोषणा हुई, उस दिन वाराणसी में तुलसीघाट पर एक विशाल सभा करके इस घोषणा का स्वागत किया गया था। श्री मिश्र का उत्साह बढ़ गया। वह गंगा निर्मलीकरण के भगीरथ प्रयास में दुगुने जोश से जुट गए।

बाद में केन्द्र सरकार ने गंगा प्राधिकरण को और सक्रिय बनाने के लिये गंगा निदेशालय (जी.पी.डी.) गठित करके इलाहाबाद और कोलकाता में इसके केन्द्रस्थापित कर दिए। इस निदेशालय ने तीन मंडलों में डिवीजनल टॉस्क फोर्स भी गठित कर दिया, पर श्री मिश्र के बताए अनुसार यह पूरा ढाँचा ब्यूरोक्रेटिक बनकर रह गया। फिर भी गंगा एक्शन प्लान में प्रधानमंत्री राजीव गाँधी स्वयं रुचि ले रहे थे, इसलिए संसाधन भी उपलब्ध कराये जाते रहे। एक पृष्ठ की प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर भी एक करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल गयी। इसके बाद तो जैसे प्रोजेक्टों की बाढ़ आ गई।

अन्ततः 1986 में 14 जून को प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने वाराणसी के ऐतिहासिक राजेन्द्र प्रसाद घाट के मंच से गंगा-निर्मलीकरण के राष्ट्रीय अभियान का शुभारम्भ किया। इस योजना के लिए 254 करोड़ रुपये का बजट बनाया गया था, जिसमें से 43 करोड़ रुपये वाराणसी के लिए थे। उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में गंगा को स्वच्छ बनाने के लिए काम शुरू हो गया।

इस बीच गंगा निर्मलीकरण अभियान की चर्चा सारे संसार में होने लगी थी। हालैण्ड और फ्रांस के मिशनों ने भी इस योजना में विशेष रुचि दिखाई। प्रधानमंत्री राजीव गाँधी फ्रांस में आयोजित 'भारत महोत्सव में जाते समय अपने साथ गंगा जल भी ले गये थे। इससे फ्रांसीसी इतने प्रभावित हुए कि एक नई परियोजना बनाकर उन्होंने पर्यावरण विशेषज्ञों का एक दल भी वाराणसी भेज दिया। इस दल ने गंगा निर्मलीकरण के लिए एक्टिवेटेड स्लज प्लांट लगाने का सुझाव दिया था।

डाक्टर वीरभद्र मिश्र बताते हैं कि यह तकनीक बहुत खर्चीली है, इसके अलावा विदेशों में काफी कारगर सिद्ध होने के बावजूद भारत में सफल नहीं हो सकती, क्योंकि भारतीय नागरिकों का खान-पान साधारणतःशाकाहारी होता है, इसलिए यहां के प्रति लीटर सीवेज में 300 ग्राम बी.ओ.डी. भी नहीं उपलब्ध होता है और काफी सीवेज बी.ओ.डी. के अभाव में प्लांट में पर्याप्त बायो गैस नहीं बनती। ऐसी स्थिति में एक्टिवेटेड स्लज प्लांट की यहां उपयोगिता नहीं थी, लेकिन हमारे सारे नोट्स एवं रिपोर्टें पड़ी रह गई और मर्ज़ को अच्छी तरह समझे बिना ही दवा दे दी गई।

श्री मिश्र क्षुब्ध भाव से बताते हैं 'सच्चाई तो यह कि गंगा में कितना अवजल गिरता है-आज तक यह भी ठीक-ठीक पता नहीं चल पाया है। यहां तक कि अस्सी घाट से लेकर वरुणा नदी के संगम तक गंगा में कितने सीवेज गिर रहे हैं, इसकी भी जाँच-पड़ताल किए बिना ही 'एक्टीवेटेड स्लज प्लांट स्थापित कर दिए

गए। यहां दोनों किनारों से आकर पांच नालों पर सीवेज पम्प लगाए गए। यह काम 1986 में शुरु हुआ तो पहला चरण सात वर्ष बाद 1993 में पूरा हुआ। इस विलम्ब के कारण ही लागत 43 करोड़ से बढ़कर 50 करोड़ रुपये हो गया और परिणाम देखे बिना ही आश्वासन दे दिया गया कि इतने प्रतिशत प्रदूषण को खत्म कर दिया गया है।

इस आश्वासन से श्री मिश्र को सन्तोष नहीं हुआ और वह गंगा के वास्तविक निर्मलीकरण के प्रयास में जुटे रहे। इसी बीच अमेरिका, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में भी 'फ्रेण्ड्स ऑफ गंगेज नाम से अनेक संस्थाएं गठित हो गयी थीं। उन संस्थाओं के प्रतिनिधि वाराणसी आने पर संकटमोचन फाउण्डेशन में जाकर प्रो. वीरभद्र मिश्र से भी मिलते थे। विचार विर्मश चलता रहा। श्री मिश्र से प्रभावित प्रतिनिधियों ने भी यह महसूस किया कि गंगा निर्मलीकरण के सरकारी दावों की वैज्ञानिक जाँच होनी चाहिए और जाँच भी किसी स्वतन्त्र एजेन्सी से उसकी अपनी प्रयोगशाला में नियमित रूप से करायी जानी चाहिए।

श्री मिश्र के प्रभाव से स्वीडन की कुछ संस्थाएं अपने आर्थिक संसाधनों से संकटमोचन फाउण्डेशन को लेबोटरी प्रदान करने के लिए तैयार हो गई तो उन्होंने काम आगे बढ़ाया और तुलसीघाट पर प्रयोगशाला स्थापित कर दी। इस प्रयोगशाला में 1992 से भगवानपुर तथा दीनापुर सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट से गिरने वाले पानी की मानिटरिंग शुरू की गयी, जिसे 'वाच डॉग कहा जाता है। लेकिन जाँच-पड़ताल के परिणामस्वरूप प्रयोगशाला से जो आंकड़े मिलने शुरू हुए उससे सरकारी विभागों में खलबली मच गयी और परेशानी महसूस होने लगी। कुछ अधिकारी तो श्री मिश्र से इतने नाराज हो गए कि दीनापुर प्लांट में उनका प्रवेश भी वर्जित कर दिया गया। नाराजगी के मारे ही परेशान करने के लिए एक बार स्वीडेन की एक शोध छात्रा अनिका को इस प्लांट में घंटों रोके रखा गया।

गंगा निर्मलीकरण का दूसरा चरण शुरू करने के पहले गंगा निदेशालय का नाम बदलकर रहा राष्ट्रीय नदी संरक्षण निदेशालय कर दिया गया; लेकिन गंगा निदेशालय का पहला चरण अन्य सरकारी कामकाजों की तरह इतना हवाई और प्रभावहीन रहा था कि उससे क्षुब्ध संकट मोचन फाउण्डेशन की अगुवाई में वाराणसी की तमाम स्वयं सेवी संस्थाओं और नागरिकों ने दूसरे चरण के विरुद्ध जमकर आवाज उठाई। गंगा का निर्मलीकरण के नाम पर कुछ सीवेज पम्प लगाकर बेशुमार सार्वजनिक धन जिस तरह दुरुपयोग किया गया था, उससे सभी नाराज थे।

तब तक प्रो. वीरभद्र मिश्र ने प्रदूषण की मात्रा से सम्बन्धित तमाम वैज्ञानिक आंकड़े और बड़ी मात्रा में महत्वपूर्ण तथ्य एकत्र कर लिए थे और अब वह एक इंजीनियर के रूप में उनका विश्लेषण कर सकते थे। गंगा के साथ अगाध आध्यामिकता भावनात्मक और धार्मिक निष्ठा ने उन्हें इस दिशा में विशेषज्ञ की भूमिका निभाने के लिए विवश कर दिया। इससे उनके 'स्वच्छ गंगा अभियान का तीसरा चरण कहा जा सकता है। उन्होंने तथ्यों की विवेचना करते हुए बताया कि स्लज प्लाण्ट से भारी मात्रा में गलीज निकलता है। इस पर बहुत ज्यादा बिजली खर्च होती है और बैक्टीरिया को भी फैलने से नियंत्रित नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ी बात यह है कि महंगी पद्धति के कारण देश को तीन करोड़ वार्षिक खर्च का बोझ उठाना पड़ेगा, लेकिन न सरकार ने उनकी बात सुनी न सरकारी अधिकारियों ने।

फिर भी आधुनिक भगीरथ श्री मिश्र अपने प्रयास में जुटे हैं। उनकी मान्यता है कि भारत में गंगा निर्मलीकरण के लिए प्राकृतिक प्रणाली के माध्यम से आक्सेडेशन प्लांट जैसी सार्थक परियोजनाएँ चलायी जानी चाहिए। एक अमेरिकी विशेषज्ञ डॉ. ओसवाल और कैलीफोर्निया की बर्कले यूनीवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. वेलीग्रीन ने 'एडवांस एण्टीग्रेटेड बेस्ट वाटर पांड्स सिस्टम (ए.आई.डब्ल्यू.पी.एस.) पर प्रयोग किए गए हैं। प्रो. वीरभद्र मिश्र ने भी उन पांड्स का निरीक्षण किया और उनका कहना है कि इस विधि से पूरा स्लज खप जाता है। उनके विचार से गंगा तटवर्ती पंचक्रोशी मार्ग पर ऐसे पांड्स बना दिए जाएं तो गंगा में मिलने वाले तमाम नालों की गन्दगी वहीं रुक जाएगी। इस प्रकार सारा सीवेज वाराणसी से बाहर चला जाएगा और वरुणा नदी के संगम से भी कहीं आगे पहुंच कर गंगा में गिरेगा।

श्री मिश्र बताते हैं कि 'संकटमोचन फाउण्डेशन से जुड़े लोग अनवरत रूप से 'स्वच्छ गंगा अभियान में लगे हैं। फाउण्डेशन के जुड़े इंजीनियर इस दिशा में देश विदेश के विशेषज्ञों से भी विचार-विमर्श करते रहते हैं। उन्होंने विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से एण्टी सेन्टर इनसेप्टर डिजायन तैयार की है। पर्यावरण मंत्रालय के परामर्श पर एक वैकल्पिक प्रोजेक्ट भी तैयार किया गया जिस पर मात्र एक सौ पचास करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है। इस प्रोजेक्ट को वाराणसी नगर निगम की स्वीकृति भी मिल गयी थी। इसके बाद नगर निगम में 1997 में 15 मई को उसे शासन की स्वीकृति के लिए भेज दिया था, लेकिन उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

श्री मिश्र ने अब ऐक्टिविस्ट की भूमिका अपना ली है। वो कहते हैं, 'लोग समझते हैं कि हम तीव्र धारा के विपरीत तैरने की

चेष्टा कर रहे हैं, लेकिन जब देश और विदेश के भी करोड़ों-करोड़ लोग गंगा को स्वच्छ देखना चाहते हैं तो हमने भी संकल्प कर लिया है कि येन-केन-प्रकारेण किसी भी मूल्य पर 'स्वच्छ गंगा कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में चलाते रहेंगे।

इस आधुनिक भगीरथ को उसके सद्प्रयासों के लिए विश्व प्रसिद्ध पत्रिका 'टाइम तक ने सम्मानित किया, जिसके लिए देश-विदेश से बधाई और शुभकामनाएँ मिलीं, तब भी श्री मिश्र विनम्रता की मूर्ति बने रहे। वो कहते हैं, 'मेरी हार्दिक कामना है कि इस सम्मान और बधाइयों से ऐसी ऊर्जा निकले, जिसके सहारे स्वच्छ गंगा अभियान फ्लैक्स प्वाइण्ट तक पहुंच जाए, उसके सार्थक परिणाम सामने आए और गंगा तटीय संस्कृति की अविछिन्न धारा अविरल प्रवाहित होती रहे।

प्रो. वीरभद्र मिश्र की योग्यता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंजीनियर बनने के बाद उन्हें अमेरिका सहित पांच और स्थानों से ऑफर मिला था, लेकिन बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री मिश्र कहीं नहीं गए और उन्होंने वाराणसी में ही रहना स्वीकार किया, क्योंकि केवल गंगा ही नहीं, वाराणसी की समूची संस्कृति एवं परम्परा से अपार मोह है और वह हर क्षेत्र में उसे बनाए रखने का प्रयास (प्रयत्न) करते रहते हैं । यह सर्वविदित है कि वाराणसी संगीत का गढ़ रहा है, लेकिन संगीत सम्मेलनों पर अभिजात्य और सम्पन्न घरानों का दबदबा होने के कारण यहां की तमाम संगीत संस्थाएँ आर्थिक चक्रव्यूह में फंसकर समाप्त प्रायः हो चली तब विश्व विख्यात् सितार वादक भारत रत्न पंडित रविशंकर एवं जतिन भट्टाचार्य ने रिम्पा और अलाउद्दीन म्युजिक सर्किल के माध्यम से उस परम्परा को जीवित रखने की कोशिश की थी, पर सफलता नहीं मिली । आखिर उसी विषम घड़ी में मिश्र जी ने जन-साधारण के लिए संट मोचन मंदिर के प्रांगण में संगीत सम्मेलन की शुरूआत की। इसमें प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता। वह परम्परा आज भी बनी हुई है और वहां हर वर्ष चैत्र पूर्णिमा -हनुमान जयन्ती से पांच रात भव्य अखिल भारतीय संगीत समारोह का आयोजन शुरू किया। प्रारंभ में स्त्रियों का नृत्य, गायन नहीं होता था, पर बाद में मिश्र जी ने शास्त्र सम्मत विधि से इसे भी शुरू करवा दिया। प्रतिवर्ष शिवरात्रि के अवसर पर तुलसीघाट पर त्रिदिवसीय ध्रुपद मेले के आयोजन में भी उनकी महत्वपूर्ण सहभागिता होती है। गोस्वामी तुलसीदास द्वारा स्थापित रामलीला एवं कृष्ण लीला के संचालन का भार भी महन्त प्रो. वीरभद्र मिश्र ही उठाते हैं।

तमाम व्यस्तताओं के बावजूद श्री मिश्र ने परिवार के भी अपने उत्तरदायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वाह किया, इसी का परिणाम है कि वर्तमान में उनके दो पुत्रों में से एक डाक्टर बना और दूसरा इंजीनियर है, जो काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन का कार्य कर रहे हैं एवं उनके विरासत को संभाला हुआ है। स्वास्थ्य के मामले में मिश्र जी बचपन से ही बहुत कमजोर रहे। बाल्यावस्था में पोलियो ने आक्रमण किया। फिर टायफायड हो गया। चेचक भी निकली-इस तरह आयेदिन तरह तरह के रोग उन्हें सताते रहे, लेकिन उनका मनोबल कोई नहीं तोड़ सका।

सादा-सरल जीवन दृढ़ निश्चय मिश्र जी की विशेषता है। वह रोज सूर्योदय के पहले ही जाग जाते हैं। उनके शय न कक्ष की खिड़की गंगा की ओर है इसलिए आँखें खोलते ही माँ पतित पावनी का दर्शन होता है। फिर नित्य कर्म से निपट कर मिश्र जी घाट पर जाते हैं और गंगा में स्नान करके कमर तक पानी में खड़े-खड़े पूजन तथा गायत्री मंत्र का जाप करने के बाद करबद्ध होकर उनसे अपना सुख-दुःख निवेदन करते हैं। इसके बाद वह गोस्वामी तुलसीदास के निवास स्थान पर जाते हैं। वही मिश्र जी का मूल स्थान है। वहां वह त्रिपुरारी शिव और हनुमान जी के चरणों में बैठकर पाठ एवं जाप करते हैं।

मिश्र जी सायंकाल लगभग पांच बजे बनारस हिन्दू यूनीवर्सिटी से लौटने के बाद रात लगभग नौ बजे तक अपने आवास पर सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं अन्य आगन्तुकों से भेंट मुलाकात और स्वच्छ-गंगा अभियान पर चर्चा करते हैं । इसके बाद नहा-धोकर वह संकटमोचन मंदिर जाते हैं। वहां लगभग आधा घंटा प्रतिमा के समक्ष बैठकर पाठ करते हैं, इसके बाद वह मंदिर से अलग महन्त के लिए बने कक्ष में बैठकर कुछ देर व्यवस्था एवं प्रशासन से सम्बन्धित कार्य निपटाया करते हैं, फिर फुरसत पाने पर कुछ देर संगीत साधना किया करते हैं। वाराणसी के सुप्रसिद्ध संगीताचार्य पंडित खन्नू लाल मिश्र हफ्ते में दो बार वहीं आकर मिश्र जी को संगीत सिखाया करते हैं। श्री मिश्र जी संकट मोचन मंदिर से घर लौटते हैं, तब आधी रात हो चुकी रहती है। उस समय वह भोजन नहीं करते। सिर्फ़ हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण करते हैं। उस समय वह भोजन नहीं करते। सिर्फ़ हनुमान जी का प्रसाद ग्रहण करते हैं और दूध पीकर सोने चले जाते हैं। उस समय भी जब तक नींद नहीं आती तब तक केवल स्वच्छ गंगा अभियान के बारे में सोचते रहते हैं।

● अन्जान मिश्र (सत्यकथा लेखक)
मुहल्ला 5/248, कदमतर, शहर कोतवाली के पास,
मीरजापुर (उ.प्र.) 231001

Mob : 9838631109, 9839601109
Resi : 9336482887 (S) 0542-3295505

# POWER HOUSE

A House of
Generators, Lubricants.
Sales, Service & Spares
Kanoria Prasnjeet

N.10/52, DK. SHRI RAM NAGAR COLONY
Turning D.L.W. Road, Varanasi

Mob : 930528871
Phone : 0542-6546093

क्लासिक ग्लास एण्ड प्लाईवुड सेन्टर

Ever Smiling

GEE-PLY
GEE-DOOR

GEE है,तो LiFE है!

हमारे यहां .
शीशे में एचिंग
एवं धार-पालिश
होती है।

Gee प्लाईवुड की सम्पूर्ण रेंज स्टेज ट्रीटेज पद्धति से बनायी जाती है

एन. 1/61-बी-8के, नगवां चुंगी, वाराणसी

U.P.I.I. No. VN-0353706
C.S.I. No. VN-5277452

2435944 (Office, Resi)
Mobile : 9336877763

# PIONEER

## SCIENTIFIC CORPORATION

: AUTHORISED STOCKIST :
Synochem Laboratory
Chemical & Bristal Instruments

Dealers in :
All Kinds of Scientific Instruments, BDH, E.Merck,
S.D.Fine Chemicals, BorosilGlassware, Dissecting Animals
and General Order Suppliers.

Bahelia Tola, Varanasi-221001 (U.P.)

# वेदना की संवेदना

*हरिराम द्विवेदी*

गंगा भारत की भूमि की जीवन धारा है। गंगा का जल साधारण जल नहीं ब्रह्मद्रव है। इस देश के जनमानस ने गंगा को देवी माँ की तरह पूजा है वह लोक की आस्था से जुड़ी हुई परम पवित्र सुरसरि है। भारतीय संस्कृति की पीढ़ियों से चली आ रही परम्परा गंगा से जुड़ी है और एक विशाल क्षेत्र गोमुख से गंगा सागर तक इससे न केवल जुड़ा है बल्कि इस क्षेत्र के पूरे भूखण्ड की सभ्यता सहस्राब्दियों से पुष्पित और पल्लवित होती आयी है। लोक में तो गंगा पूजनीया वन्दनीया हैं ही वह जीवनदायिनी और मुक्तिदायिनी भी हैं।

गंगा जल अस जल नहीं नहिं काशी अस धाम, मुकुति सरि सनहिं पथ कहीं नाहिं राम अस नाम।।

गंगा जल जैसा कोई जल नहीं है न ही काशी जैस धाम कोई धाम इस धरती पर है। मुक्ति के समान कोई पथ नहीं है और न ही राम जैसा कोई नाम है। लोक की इस मान्यता को नकारा नहीं जा सकता। जैसी मान्यता है अन्तिम क्षणों में गंगा का एक बूंद जल कंठ में पड़ जाय तो प्राणी को मोक्ष मिल जाता है। और वह भी काशी में हो तो फिर क्या कहना। काशी तो वैसे ही मोक्षदायिनी नगरी है। यह बात अनेक ऋषि-मुनियों एवं विद्वतजनों ने कही है।

वर्तमान समय में जो स्थिति है वह हमारी इस मान्यता और आस्था को न केवल आघात पहुंचाती है वरन् सोचने के लिए विवश कर देती है कि आखिर यह क्या हो रहा है? हम ऐसी पवित्र ममतामयी माँ गंगा को इतना प्रदूषित करके आने वाली पीढ़ी को क्या दे रहे हैं। तट पर बसे नगरों, महानगरों, कल-कारखानों के अवजल से गंगा की धारा प्रदूषित हो रही है । जो महाघातक है। एक ओर जगह-जगह लिफ्ट कैनाल बनाकर गंगा जल को उठाकर सिंचाई के लिए नहरों में बहाया जा रहा है तो दूसरी ओर उसमें अवजल मिलाकर उसे विषाक्त बनाया जा रहा है। शहरों की बढ़ती जनसंख्या से अवजल की मात्रा दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। उसके कम होने की न तो उम्मीद है न ही कोई रास्ता। यह क्रम ऊपर से ही चला आ रहा है और दिन प्रतिदिन इसमें वृद्धि होती जा रही है। तीर्थराज प्रयाग में और ऊपर गंगा में कितना जल है, यह सर्वविदित है। प्रयागराज में जमुना के मिल जाने से गंगा में कुछ जल अधिक हो जाता है। लेकिन जमुना की दशा दिल्ली, आगरा, मथुरा, वृन्दावन में देखकर बड़ी करूणा होती है। यह तो नीचे आकर चम्बल, बेतवा और केन मिल जाता है कि जमुना में कुछ जल दिखायी पड़ता है। लेकिन प्रयाग और काशी में जितना अवजल मिलते हैं उसे एक कर दिया जाय तो एक नदी अलग ही बन पाएगी। और यह सारा अवजल सीधे गंगा में गिर रहा है। हम देखते रहे और आज भी देख ही रहे हैं। गंगा को इस दुर्दशा से मुक्ति दिलाने के लिए वर्ष 1982 में संकट मोचन फाउण्डेशन की ओर से स्वच्छ गंगा अभियान का शुभारम्भ किया गया। विद्वान् मनीषी एवं विचारक श्रद्धेय प्रोफेसर वीरभद्र मिश्र जी के नेतृत्व में इस अभियान को गति मिली। अनेक सेमिनार हुए, जनजागरण के लिए तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। इन सबके विवरण प्रशासन को दिये गये। जिसका परिणाम सामने आया । सरकारी तंत्र भी हरकत में आया। गंगा प्राधिकरण बना। गंगा कार्य योजना लागू हुई और सारे अवजल को मशीन से उठाकर ट्रीटमेन्ट प्लाण्ट तक ले जाने की योजना बनी। कार्य हुआ भी, लेकिन उसकी जितनी क्षमता थी, अवजल उससे कहीं बहुत ज्यादा था।

वाराणसी शहर की स्थिति यह है कि जहां शह की शुरूआत होती है वहीं एक नाला मिलता है जिसका अवजल अनवरत गंगा में मिलता रहता है। यही नहीं, शहर के अंतिम छोर तक यह क्रम कमोबेश जारी है और वरूणा संगम के पूर्व पूरे शहर का अवजल मिलता है। वरुणा की हालत और कारूणिक है। वह तो केवल अवजल की ही नदी बनकर रह गयी है। काशी जैसी पवित्र तीर्थ नगरी जहाँ लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन गंगा स्नान करते हैं, गंगा जल ही पीते हैं, वहाँ गंगा की यह दुर्दशा। परम पूज्य महन्त प्रो. वीरभद्र मिश्र जी न केवल एक वैज्ञानिक और सम्मानित पर्यावरणविद् हैं बल्कि अतिसंवेदनशील प्राणी हैं। गंगा की इस दशा से वे इतने चिन्तित और दुःखी हैं इसे तो वे ही जानते हैं जो उनके निकट हैं और संकटमोचन फाउण्डेशन से जुड़े हैं। काश! वाराणसी का पूरा जनमानस उनकी इस संवेदनशीलता को महसूस करता, उनकी इस पीड़ा को समझ कर सक्रियता दिखाता तो प्रशासन और सरकार पर कुछ ज्यादा ही दबाव पड़ता और इसके निराकरण के लिए कोई न कोई ठोस उपाय सामने

आते। वैसे यहाँ का हर आदमी चाहता है कि अवजल का गंगा में गिरना बन्द हो।

स्वच्छ गंगा अभियान के रजत जयन्ती वर्ष के अन्तर्गत काशी ही नहीं, गंगा क्षेत्र के हर नागरिक की ओर से स्वच्छ गंगा एवं निर्मल गंगा की गुहार लगाई जा रही है। गंगा से की की महिमा है, गंगा से काशी है इसलिए काशी के लिए गंगा को रहना है। गंगा के रहने की सार्थकता तभी होगी जब इसमें एक बूँद भी अवजल नहीं गिरे। इसके लिए ही आदमियों को न केवल शपथ लेनी होगी बल्कि हर तरह से सक्रिय होना पड़ेगा।

गंगा हमारी संस्कृति है गंगा हमारी माता हैं, गंगा से अपना जनम जन्म का नाता है।।

इसलिए अपनी संस्कृति की रक्षा के लिए, अपनी माता की रक्षा के लिए गंगा को बचाना होगा। पीढ़ियों से चले आ रहे गंगा के नाते की रक्षा करनी होगी। और यह तभी संभव है जब गंगा में अवजल का गिरना रुक जाय। इतना ही नहीं, प्रदूषण के जितने भी कारक हैं उन सब पर पूर्ण रूप से नियंत्रण करना होगा। हर आदमी को शपथ लेनी होगी कि वह कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे किसी भी प्रकार से गंगा का जल प्रदूषित हो। इसके लिए केवल शपथ ही नहीं, पूर्णरूपेण आचरण करना होगा। गंगा से लाखों लोगों की रोजी रोटी चलती है, गंगा कितनों की जीविका ही नहीं जीवन है। अतः इसकी रक्षा के लिए हर स्तर पर हर संभव प्रयास अपेक्षित ही नहीं अनिवार्य भी है। भारतीय संस्कृति की पवित्र मर्यादा गंगा से ही है। गंगा नहीं रहेगी तो सबकुछ विकृत हो जायेगा और उस स्थिति की भयावहता किसी भी संवेदनशील प्राणी को हिलाकर रख देती है। मंदिर की पूजा सी पवित्र गंगा-धारा बनी रहे, इसके प्रवाह से मिलने वाली संजीवनी लोक और संस्कृति को ऊर्जा प्रदान करती रहे। इस निमित्त गंगा की अविरल धारा में मिलने वाले अवजल का रुकना आवश्यक है। जिसके लिए हर प्राणी की भागीदारी हो और ममतामयी माँ गंगा की इस पीड़ा को महसूस करते हुए उनकी पवित्र धारा को प्रदूषण मुक्त स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें और आने वाली पीढ़ी के लिए अमृतवाहिनी सौंप सकने का अपना दायित्व निभाएँ। जय माँ गंगा।


# BREAD OF LIFE BAKERY & WESTERN RESTAURANT

Heaven for lovers of Western food.



Director
Ashish Chakraborty

- Whole Wheat Breads

Cinnamon rolls • Chocolate Bnounees

- Tuma Burgers • Baked Potato





Director
Pankaj Kumar Mishra

SHIVALA ROAD, VARANASI.PH. : 0542-2275012